**FY 703**

Reg. No. : ..................................

Name : ..........................................

# FIRST YEAR HIGHER SECONDARY EQUIVALENCY EXAMINATION, MAY 2024

## Part – II

## HINDI

**Maximum : 80 Scores**

Time : 2½ Hours

Cool-off Time : 15 Minutes

---

***उम्मीदवारों के लिए सामान्य निर्देश :***

- *लेखन समय के अलावा, यहाँ 15 मिनट का 'कूल ऑफ टाइम' है ।*
- *प्रश्नों से परिचित होने के लिए और अपने उत्तरों की योजना बनाने के लिए 'कूल ऑफ टाइम' का प्रयोग करें ।*
- *उत्तर देने से पहले प्रश्नों को ध्यान से पढ़ें ।*
- *निर्देशानुसार विशिष्ट प्रश्न संख्या के उत्तर लिखें ।*

**Score**

**सूचना : 1 से 5 तक के प्रश्नों के उत्तर कोष्ठक से चुनकर लिखें ।** **(5×1=5)**

**1.** 'मेरा सपना है' किसका भाषण है ?
(प्रेमचंद, मार्टिन लूथर किंग जूनियर, हरिशंकर परसाई)

**2.** 'समझौता' किस विधा की रचना है ?
(भाषण, लघुकथा, कविता)

Score

**3.** आदमी की आत्महत्या पर भीड़ कहाँ जमी थी ?
(सड़क पर, मैदान पर, दफ़्तर पर)

**4.** लेखक ने कितने सेर सेब खरीदे ?
(आधा सेर, एक सेर, दो सेर)

**5.** इमर्सन को किसका शौक था ?
(गायें पालने का, कुत्ते पालने का, बकरियाँ पालने का)

**सूचना : कवितांश पढ़ें और 6 से 8 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।**

मैं झिझक उठा, हुआ बेचैन-सा,
लाल होकर आँख भी दुखने लगी ।
मूँठ देने लोग कपड़े की लगे,
ऐंठ बेचारी दबे पाँवों भगी ।

**6.** ये पंक्तियाँ किनकी हैं ?
(अशोक वाजपेयी, अयोध्यासिंह उपाध्याय- 'हरिऔध', श्रीमन्नारायण) **(1)**

**7.** आँख में तिनका पड़ने के बाद घमंडी की क्या दशा हुई ? **(2)**

**8.** कवितांश की आस्वादन-टिप्पणी लिखें । **(6)**

**सूचना : 9 से 14 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 4 के उत्तर लिखें ।** **(4×4=16)**

**9.** रहीम का दोहा पढ़ें और भावार्थ लिखें ।
रहिमन देखि बड़ेन को, लघु न दीजिए डारि ।
जहाँ काम आवै सुई, कहा करै तरवारि ।।

Score

**10.** जीवनवृत्त पढ़ें और 'हरिशंकर परसाई' के बारे में एक अनुच्छेद लिखें ।

नाम : हरिशंकर परसाई

जन्म : 22 अगस्त 1922, मध्यप्रदेश

रचनाएँ : हँसते हैं रोते हैं, जैसे उनके दिल फिरे,
भोलाराम का जीव, ज्वाला और जल

विशेषताएँ :
- प्रगतिशील चिंतक
- व्यंग्य लेखक

**11.** काँच के महल में घुसे दोनों कुत्तों के स्वभाव में आप क्या अंतर पाते हैं ?

**12.** कवितांश पढ़ें और आशय लिखें ।

एक ऊँची इमारत की पाँचवीं मंजिल की खिड़की से
एक आदमी ने अपने को बाहर फेंक दिया है !
मेरे शब्द उछलकर
उसे बीच में ही झेल लेना चाहते हैं ।

**13.** सही मिलान करें ।

| | |
|---|---|
| भूप | सूर्य |
| सुभाग | प्रसन्न होता है |
| हरषत | राजा |
| भानु | भाग्यवान व्यक्ति |

Score

**14.** 'आप भले तो' निबंध के ये वाक्य पढ़ें और लेखक के मित्र के चरित्र पर टिप्पणी लिखें।

- जब मैं अपने एक मित्र को हमेशा परेशान, नाराज़ और चिड़चिडाते देखता हूँ तब किस्से का स्मरण हो जाता है।
- वे दूसरों का दृष्टिकोण समझने की कोशिश नहीं करते ।

**सूचना : गद्यांश पढ़ें और प्रश्न 15 और 16 के उत्तर लिखें ।**

कल शाम को चौक में दो–चार ज़रूरी चीज़ें खरीदने गया था । पंजाबी मेवाफरोशों की दुकानें रास्ते ही में पड़ती हैं । एक दुकान पर बहुत अच्छे रंगदार, गुलाबी सेब सजे हुए नज़र आए । जी ललचा उठा । आजकल शिक्षित समाज में विटामिन और प्रोटीन के शब्दों में विचार करने की प्रवृत्ति हो गई है । टमाटो को पहले कोई संत में भी न पूछता था । अब टमाटो भोजन का आवश्यक अंग बन गया है । गाजर भी पहले गरीबों के पेट भरने की चीज़ थी। अमीर लोग तो उसका हलवा ही खाते थे; मगर अब पता चला है कि गाजर में भी बहुत विटामिन है, इसलिए गाजर को भी मेज़ों पर स्थान मिलने लगा है ।

**15.** टमाटो और गाजर को भोजन में स्थान क्यों मिला ? **(2)**

**16.** गद्यांश का संक्षेपण करें । **(6)**

Score

**सूचना : 17 से 20 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 3 के उत्तर लिखें ।** **(3×6=18)**

**17.** जून 26 'विश्व मादक दवा विरोधी दिवस' (World Anti-Drugs Day) है । इस अवसर पर आपके पुस्तकालय के नशा विरोधी क्लब का उद्‌घाटन पुलीस कमीशनर करेंगे । उसके लिए एक उचित पोस्टर तैयार करें ।

**18.** अंग्रेज़ी संवाद का **हिंदी** में अनुवाद करें ।

Ram : Hello, How are you ?

Rahim : I am fine thank you. How's your day going ?

Ram : My day is going well, thanks. Do you have any plans for today ?

Rahim : Yes, I have some work to do.

Ram : All right, see you then. Take care.

Rahim : You too, Thank you.

(Plans – योजनाएँ, Take care – ध्यान रखना)

**19.** मान लें, बछड़ेवाली घटना को इमर्सन अपनी डायरी में लिखता है । उनकी डायरी का वह अंश कल्पना करने लिखें ।

- बछड़े को झोपड़ी तक ले जाने का असफल प्रयास
- बूढ़ी नौकरानी की व्यवहार–कुशलता

**Score**

**20.** कुछ लोग साइकिलवाली घटना देख रहे थे । उनमें से दो व्यक्तियों के बीच इस संबंध में बातचीत हुई । वह बातचीत तैयार करें ।

- साइकिलों का टकराना
- आपस में गालियाँ सुनाना
- ललकारना

**सूचना : 21 से 24 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 3 के उत्तर लिखें ।** **(3×8=24)**

**21.** मान लें, मार्टिन लूथर किंग जूनियर के भाषण से गोपाल बहुत प्रभावित हुआ है । इस भाषण के बारे में गोपाल अपने मित्र के नाम पत्र लिखता है । वह पत्र तैयार करें ।

- अपने देश की स्वतंत्रता
- समभावना
- विश्वशांति
- अत्याचार एवं अनाचार का विरोध

**22.** एल.एम.टी. की नई घडी (watch) बाज़ार में आयी है । उसकी बिक्री बढ़ाने के लिए आकर्षक विज्ञापन तैयार करें ।

- सस्ती है
- सुंदर है, रंग-बिरंगी है
- आकर्षक डिज़ाइन वाली

Score

**23.** सही मिलान करें ।

| | |
|---|---|
| Manager | कृषि मंत्रालय |
| Pay-in-slip | बीमा |
| Information Centre | प्रबंधक |
| Ministry of Agriculture | सूचना केंद्र |
| Typist | आरक्षण |
| Clerk | जमा-पर्ची |
| Insurance | टंटक |
| Reservation | संचिका |

**24.** 'मित्रता का महत्व' के बारे में एक लेख तैयार करें ।

- अकेलेपन से बचाना
- आपसी सहयोग प्रदान करना
- संवाद का अवसर
- आनंद और मनोरंजन प्रदान करना